**खबर संक्षेप**

### दो दिवसीय ठुमरी समारोह 13 एवं 14 अक्टूबर को शासकीय कन्या महाविद्यालय में

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार भोजपुरी साहित्य अकादमी द्वारा 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 को साम्राज्ञी गिरजा देवी की स्मृति पर केन्द्रित दो दिवसीय ठुमरी समारोह का आयोजन शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में किया जायेगा। समारोह में देश के प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जायेगी। समारोह के आयोजन के लिए अपर कलेक्टर विकास सिंह द्वारा जिला पंचायत सतना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी तथा नगर पालिक निगम सतना के सहायक आयुक्त सत्यम मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त अधिकारी कार्यक्रम स्थल में सभी प्रकार की व्यवस्थायें करना सुनिश्चित करेंगे।

### पद्मविभूषण विदूषी गिरिजा देवी की स्मृति में ठुमरी समारोह 13 एवं 14 अक्टूबर को

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के लिए भोजपुरी साहित्य अकादमी,मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्,भोपाल द्वारा जिला प्रशासन सतना एवं शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के सहयोग से 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 को पद्मविभूषण विदूषी गिरिजा देवी की स्मृति में ठुमरी समारोह कार्यशाला,परिसंवाद एवं ठुमरी गायन का आयोजन शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार सतना में किया जा रहा है। समारोह का शुभारंभ 13 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2:30 बजे होगा। समारोह के प्रथम दिवस 13 अक्टूबर को ठुमरी गायक विनोद मिश्रा सतना द्वारा ठुमरी कार्यशाला संगीत जिज्ञासियों द्वारा ठुमरी पर परिसंवाद तथा ठुमरी गायन की प्रस्तुति दी जायेगी। इसी के पश्चात सुप्रसिद्ध ख्यातिलब्ध गायिका सुश्री श्वेता जोशी धार द्वारा ठुमरी गायन की प्रस्तुति होगी। समारोह के द्वितीय एवं अंतिम दिवस 14अक्टूबर को ख्यातिलब्ध गायिका सुश्री ममता शर्मा बनारस द्वारा ठुमरी कार्यशाला संगीत जिज्ञासियों द्वारा ठुमरी पर परिसंवाद तथा ठुमरी गायन की प्रस्तुत दी जायेगी। इस दो दिवसीय समारोह में सभी कलारसिकों को पधारने का अनुरोध है। कार्यक्रम परिवर्तनीय एवं प्रवेश निःशुल्क है।

### 0-18 वर्ष के हृदय रोग से पीडित बच्चों हेतु शिविर 13 अक्टूबर को

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना डॉ.एलके तिवारी ने बताया कि 13 अक्टूबर को जीएनएम नर्सिंग सीएमएचओ कार्यालय सतना में जन्मजात विकृति जो कि मां के गर्भ से ही बच्चों में पाई जाती है,के अंतर्गत हृदय रोग से पीडित 0-18 वर्ष के बच्चों की जांच एवं उपचार सुपर स्पेशलिटी रीवा के द्वारा निःशुल्क जांच एवं बच्चों का परीक्षण एवं ईको जांच की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना डॉ.एलके तिवारी ने परिजन से यह भी अपील की है कि हृदय रोग से पीडित बच्चों का मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना अंतर्गत बच्चों की जांच करायें। शिविर में बच्चों के परिजन अपने साथ बच्चे की 2कलर फोटो,राशनकार्ड की छायाप्रति,आधार कार्ड एवं परिचय पत्र के साथ शिविर में उपस्थित होकर जांच करवा सकते हैं।

### सतना में बजेगा खेलो इंडिया का डंका!

**सतना।** जिले के लिए यह गर्व और उत्साह का क्षण है-खेलो इंडिया किकबॉक्सिंग अस्मिता विमेंस लीग 2025 की मेजबानी का अवसर पहली बार सतना को मिला है। यह रोमांचक प्रतियोगिता 26 अक्टूबर रविवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल,सतना के प्रांगण में भव्य रूप से आयोजित की जाएगी।यह प्रतिष्ठित आयोजन भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है तथा यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के ऑब्जर्वेशन में संपन्न होगी।

# भाजपा का 'आत्मनिर्भर भारत' पर जोरः 'हर घर स्वदेशी' का आह्वान और 'जीएसटी 2.0' से समर्थन

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कांतिदेव सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को दोहराया,जिसकी नींव 'आत्मनिर्भर भारत' है।उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने का मार्ग स्वदेशी को अपनाने से होकर जाता है।




सतना।

उनका नारा हर घर स्वदेशी,घर-घर स्वदेशी,गर्व से कहो यह स्वदेशी है इस आंदोलन का मंत्र,लक्ष्य और शक्ति है। यह केवल एक नारा नहीं,बल्कि देश के कारीगरों,किसानों,छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के प्रति सम्मान है। श्री सिंह ने स्वदेशी को केवल आर्थिक नहीं,बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान का भी हिस्सा बताया। उन्होंने इतिहास में 19वीं सदी के स्वदेशी आंदोलन और महात्मा गांधी की खादी से लेकर आधुनिक 'मेक इन इंडिया ','स्टार्टअप इंडिया',और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियानों का उल्लेख किया। पत्रकार वार्ता में 'नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म' यानी 'जीएसटी 2.0' पर भी चर्चा हुई। ये सुधार आम आदमी, किसानों,एमएसएमई,महिलाओं और युवाओं के जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए लाए गए हैं। 3 सितंबर को जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में जीएसटी को दो स्लैब (5% और 18%) में सरल बनाने का निर्णय लिया गया है।

**ट्रैक्टर और कृषि उपकरण सस्तेः**

ट्रैक्टरों पर जीएसटी 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है। इसी तरह,हार्वेस्टर,स्प्रिंकलर,ड्रिप इरिगेशन और ट्रैक्टर के कलपुर्जों पर भी टैक्स 5% कर दिया गया है। उर्वरक बनाने के लिए प्रमुख कच्चे माल (जैसे अमोनिया,सल्फ्यूरिक एसिड) और जैव-कीटनाशकों पर भी जीएसटी 18% से घटाकर 5% कर दिया गया है। इससे कृषि लागत में कमी आएगी और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा।

**दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्तीः**

साबुन,टूथपेस्ट और भारतीय ब्रेड जैसी घरेलू आवश्यक वस्तुओं पर कर घटाकर 5%या शून्य कर दिया गया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार,महापौर योगेश ताम्रकार सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

**सांसद गणेश सिंह ने नोटबंदी को सही बताया**

उधर,रीवा में सतना सांसद गणेश सिंह ने रविवार को जीएसटी और नोटबंदी को सार्थक और जरूरी कदम बताया।उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य को हासिल करने का मार्ग आत्मनिर्भर भारत के निर्माण से होकर गुजरता है। आत्मनिर्भर भारत का सशक्त आधार स्वदेशी विचारधारा और स्वदेशी उत्पाद हैं।इधर,कांग्रेस ने भाजपा सांसद की प्रेसवार्ता के बाद उन पर सवाल खड़े किए। कहा कि नोट बंदी ने देश के लाखों मध्यम वर्गीय व्यापारियों को बर्बाद कर दिया।

## अंतरर्ष्ट्रीय बेटी दिवस पर सांस्कृतिक व रचनात्मक कार्यक्रमों का सफल आयोजन,'पैड बैंक' की भी हुई स्थापना



सतना।

बिरसिंहपुर में अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर पी.एम.श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिरसिंहपुर में विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने चित्रकला,रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**'राष्ट्र निर्माण में बेटियों की भूमिका' पर प्रभावी विचार**

भाषण प्रतियोगिता का विषय राष्ट्र निर्माण में बेटियों की भूमिका रखा गया था,जिसमें प्रतिभागी छात्राओं ने बेटियों के सशक्त योगदान और उनके सामाजिक दायित्वों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में पैड बैंक की स्थापना भी की गई,जिसका उद्देश्य विद्यालय में स्वच्छता एवं बेहतर सैनेटेशन की व्यवस्था को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग,जिला प्रशासन सतना द्वारा किया गया तथा समन्वय माधवमईप्सा फाउंडेशन द्वारा किया गया।आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास,सृजनशीलता एवं समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रचार्य धर्मेन्द्र गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सुपरवाइज़र ऋतु गुप्ता उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेन्द्र गौतम एवं रामकृष्ण नामदेव ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन विद्यालय के शिक्षकों की टीम ने किया। प्रतियोगिता स्थान विजेता भाषण प्रथम सुषमा द्विवेदी द्वितीय दिव्यांशी सिंह तृतीय सोनम पयासी रंगोली रेखी शुक्ला,श्रेया पांडे,पलक गौतम पेंटिंग दीक्षा द्विवेदी, आराध्या, आस्था, मुस्कान,रोजी कार्यक्रम में विद्यालय परिवार,छात्राएँ एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एकेएस के मैनेजमेंट फैकल्टी डॉ. अनुराग को पीएच.डी. प्रदान की गई



सतना।

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय,चित्रकूट के तेरहवें दीक्षांत समारोह के अवसर पर एकेएस के मैनेजमेंट फैकल्टी डॉ.अनुराग सिंह परिहार को वाणिज्य विषय में डॉ.ऑफ फिलॉसफी प्रदान की गई। यह उपाधि मध्यप्रदेश के राज्यपाल तथा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति द्वारा उनके करकमलों से प्रदान की गई। डॉ.अनुराग सिंह परिहार ने अपना शोध कार्य वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का खुदरा व्यापार पर प्रभाव का अध्ययन (विशेष संदर्भ-सतना ज़िला,मध्यप्रदेश) विषय पर पूर्ण किया। इस शोधकार्य का निर्देशन डॉ.सी.पी.गुजर द्वारा किया गया। इस शोध में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के उपरांत सतना ज़िले के खुदरा व्यापार पर पड़े आर्थिक,वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रभावों का विस्तार से विश्लेषण किया गया है। डॉ.परिहार के अनुसार,जीएसटी व्यवस्था ने कर प्रणाली में पारदर्शिता,समानता एवं उत्तरदायित्व को सुदृढ़ किया है,परंतु प्रारंभिक अवस्था में लघु व्यापारियों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। शोध के अंतर्गत किए गए प्रत्यक्ष संवाद एवं प्रश्नावली सर्वेक्षणों से प्राप्त आँकड़ों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि जीएसटी व्यवस्था ने न केवल राजस्व संग्रहण को सशक्त किया है,बल्कि उपभोक्ता व्यवहार,मूल्य निर्धारण एवं व्यापारिक पारदर्शिता पर भी सकारात्मक प्रभाव डाला है। इस प्रणाली ने व्यापार जगत को औपचारिक स्वरूप प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। निर्देशक डॉ.सी.पी.गुजर ने डॉ.अनुराग सिंह परिहार के शोध कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह अध्ययन वाणिज्य और अर्थनीति के क्षेत्र में नीति निर्धारकों,प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर विशेषज्ञों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह शोध अन्य जिलों और राज्यों में भी खुदरा व्यापार पर कर सुधारों के प्रभाव के आकलन हेतु एक आदर्श रूप में अपनाया जा सकता है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति,प्राध्यापकगण ,शोधार्थी तथा सहकर्मी उपस्थित रहे और सभी ने डॉ.परिहार को उनकी इस महत्त्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई प्रदान की।



## ऊर्जा मंत्री का दिवाली दौराः सतना और चित्रकूट की विद्युत व्यवस्था का किया निरीक्षण

### लापरवाही पर अधिकारियों को लगाई फटकार, गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिए निर्देश

**सतना।** मध्य प्रदेश ऊर्जा मंत्री ने दिवाली के मद्देनज़र सतना एवं चित्रकूट के दौरे पर पहुँचे। उन्होंने रात 9 बजे सतना पहुँचकर,मैत्री सदन में शहर संभाग के अधिकारियों के साथ सतना की विद्युत व्यवस्था और ट्रिपिंग (विद्युत कटौती) के संबंध में जानकारी ली। अगले दिन,प्रातः काल,ऊर्जा मंत्री द्वारा चित्रकूट में विद्युत व्यवस्था के बारे में अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री से चर्चा की गई एवं व्यवस्थित विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान,लगभग 71 लाख रुपये की लागत से बने 33 केवी के नए पावर ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम के फर्श पर रबर मैट और सुरक्षा रबर नहीं लगे होने पर संबंधित सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को फटकार लगाते हुए,तत्काल इन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, चित्रकूट के एक उपकेंद्र में निर्देश रजिस्टर न होने के कारण उपखंड अधिकारी चित्रकूट को चेतावनी निर्देश दिए गए।अंत में,ऊर्जा मंत्री ने तत्काल उपलब्ध राशि से परिक्रमा पथ की भूमिगत विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। इस दौरान विभाग के अधीक्षण यंत्री,सहायक अभियंता,कार्यपालन यंत्री समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


## पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी नहीं रहे, अंत्येष्टि आज

सतना।

सतना की राजनीति में अपनी बेबाक शैली और सादगी भरे व्यक्तित्व से पहचान बनाने वाले पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी का दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया है। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर से पूरे जिले में शोक की लहर है। शंकरलाल तिवारी का जन्म 8 अप्रैल 1953 को चकदही गांव में हुआ था। वर्तमान में वह सुभाष चौक,सतना स्थित अपने पुस्तैनी मकान में परिवार के साथ निवास करते थे। उनके परिवार में पत्नी सुषमा तिवारी,तीन बेटे राजनारायण,आशीष और पुनीत तथा एक बेटी विजयश्री हैं। तिवारी परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि की शुरुआत शंकरलाल तिवारी से ही हुई थी। बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े शंकरलाल तिवारी 1975 तक स्थानीय स्तर पर एक बेबाक और युवा नेता के रूप में प्रसिद्ध हो चुके थे।आपातकाल के दौरान उन्हें मीसाबंदी के तहत18 माह तक जेल में रहना पड़ा।इस दौरान उन्हें रीवा,टीकमगढ़ और सतना की जेलों में रखा गया। जेल से लौटने के बाद उन्होंने संघ और भाजपा की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई और संगठन में विभिन्न पदों पर दायित्व संभाले। शंकरलाल तिवारी ने पहली बार1998 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा था। इसके बाद 2003,2008 और 2013 में भाजपा से उम्मीदवार बनकर चुनाव लड़ा और तीनों बार जनता का अपार समर्थन पाकर सतना विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। वे अपनी साफ-सुथरी छवि,जनसेवा के समर्पण और निर्भीक वक्तव्यों के लिए जाने जाते थे।उनके निधन से सतना सहित पूरे विंध्य क्षेत्र की राजनीति में एक युग का अंत माना जा रहा है। सामाजिक और राजनीतिक वर्गों में शोक की लहर व्याप्त है।

**आज किया जाएगा अंतिम संस्कार**

पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी की पार्थिव देह सड़क मार्ग से चलकर सोमवार की सुबह सतना लाई जाएगी। जहां अंतिम दर्शन के लिए उनके गल्ला मंडी स्थित निवास में रखा जाएगा। निधन की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग और रविवार को उनके निवास पहुंच गए थे।



**बाबू कहकर पुकारते थे लोग**

शंकर लाल तिवारी जमीनी नेता माने जाते थे छोटे से छोटा आदमी उनको जानता था वह भी लोगों को नाम से पुकारते थे लोगों के बीच इतने लोकप्रिय हुए कि उन्हें लोग बाबू का कर बुलाते थे रिक्शा चालक हो या थली वाला हो गरीब से गरीब व्यक्ति उन्हें जानता था और सीधे उनसे मिलने भी था।

**शंकरलाल तिवारी संघर्षशील जननेता थेः सुरेंद्र**

जदयू नेता अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि तिवारी जी का निधन स्तब्धकारी है। अपने पूरे जीवनकाल में उन्होंने हमेशा जनहित से जुड़ी हर लड़ाई लड़ी और अन्याय के विरुद्ध चट्टान की तरह खड़े रहे। सुरेंद्र शर्मा ने उन्हें सहजता और शालीनता का परिचय देने वाला सच्चा जनप्रतिनिधि बताया।उनके जाने से सतना ने एक शानदार जननेता खो दिया।

**पूर्व विधायक के निधन पर मैहर में शोक, कार्यक्रम स्थगित**

जिले के पूर्व वरिष्ठ भाजपा विधायक शंकरलाल तिवारी के निधन के कारण मैहर के सरना पैलेस में पूर्व निर्धारित 'आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी जीएसटी' पर होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। कार्यक्रम स्थल पर भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पांडेय,सांसद गणेश सिंह,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने और नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी सहित सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर शांति के लिए प्रार्थना की।

**'संघर्ष और समर्पण की पहचान खामोश' : उर्मिला**

कांग्रेस नेत्री उर्मिला त्रिपाठी ने पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी के निधन को अत्यंत दुःखद बताया। उन्होंने कहा कि तिवारी जी एक संघर्षशील,निडर और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे,जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने आदर्शों से समझौता नहीं किया। उनके संघर्ष,समर्पण और कर्मठता को हमेशा याद रखा जाएगा,जो समाज के लिए एक मिसाल कायम कर गए। उर्मिला त्रिपाठी ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## राकेश अध्यक्ष जितेन्द्र सचिव चुने गए, दवा प्रतिनिधियों का 27 वां अधिवेशन आयोजित

सतना।

मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन सतना का 27 व अधिवेशन भरहुत नगर स्थित पुजारी मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में सतना इकाई द्वारा अध्यक्ष अभिभाषण, सचिव रिपोर्ट,कोष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया,जिसे सभा ने ने चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति ने पास कर दिया गया। इस सभा में राज्य अध्यक्ष कॉम संजय सिंह तोमर महासचिव अनुराग सक्सेना और राज्य सचिव वीरेंद्र सिंह रावल विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।प्रादेशिक महासचिव कॉमरेड अनुराग सक्सेना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपनी लड़ाई के साथ आम जनता हेतु दवाओं से संबंधित मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेंगे। इसके बाद चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसमें राकेश सिंह परिहार अध्यक्ष, जितेंद्र मिश्रा सचिव चुने गए,उपाध्यक्ष के रूप में रणवीर सिंह सहसचिव विवेक यादव और जितेंद्र पांडे के साथ 6वर्षों से रहे कोषाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी चुने गए,इस सभा में नई कार्यकारिणी का भी गठन हुआ जिसमें वरिष्ठ साथी अंचल सिंह,आनंद सिंह,अंकुश मिश्रा,विनय निगम,धर्मेंद्र पांडे,विकास त्रिपाठी,अखिलेश सैनी,संतोष पटेल,सुखेंद्र त्रिपाठी,शैलेश कुशवाहा और आकाश अग्रवाल,आलोक राजपूत,स्नेह सोनी,शुभम पांडे चुने गए। सभा में महिला साथियों के साथ सतना इकाई के लगभग 200 सदस्य शामिल रहे,सतना इकाई के द्वारा अपने सदस्यों के लिए शाम को रात्रि भोज के साथ सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन पुजारी गार्डन में किया गया।





## संघ के शताब्दी वर्ष के विशेष मौके पर देश भर में हर्ष, विजयादशमी पर्व पर अमानगंज नगर में निकाला गया विशाल पथ संचलन

**अमानगंज** । भारत देश को हिंदू राष्ट्र बनाए जाने की दिशा में वर्ष 1925 को 27 सितम्बर के दिन संघ का बीज बोने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी के सपने आज देशभर में पूरे हो रहे हैं। उनकी विचारधारा से बोया गया बीज आज विशाल वट वृक्ष बन चुका है। देश के कोने कोने में आज आपको संघ का कार्यकर्ता उपलब्ध हो रहा है। जैसे ही संघ ने अपने सो वर्ष पूरे किए तो देश भर में स्वयंसेवकों सहित आम जनता में भी हर्ष की लहर देखी जा रही है। स्थापना दिवस विजयादशमी उत्सव को वृहद रूप में देश भर में मनाने का संकल्प लिया। जिसके अंतर्गत पन्ना जिले के अमानगंज खंड में आज 12 अक्टूबर दिन रविवार को यह आयोजन नगर के पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज में रखा गया। जहां कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उत्तम चंद्र बेनर्जी प्रांत कार्यवाह जी आयोजन में उपस्थित होकर रहे। आरम्भ में शस्त्र पूजन हुआ तदुपरांत एकल गीत और अमृत वचन के बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उत्तम चंद्र बेनर्जी ने स्वयंसेवकों को उद्बोधन देते हुए कहा कि संघ ने देश के कल्याण के लिए निरन्तर प्रयास किया है और हिंदू सनातन संस्कृति को एकजुटता के सूत्र में बांधा है। संघ का कार्यकर्ता हमेशा देश के कल्याण की बात करता और देश का विकास और भला करता है। आज देश के हर राज्य में हर कार्यक्षेत्र में संघ का कार्यकर्ता आसानी से उपलब्ध हो सकता है। संघ ने जो संकल्प श्री राम जन्मभूमि उत्तर प्रदेश अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण का लिया, उसे पूरा करके दिया है। इसके अलावा देश के अन्य राज्यों में भी जब जब संकट आया तो संघ सबसे पहले आकर खड़ा हुआ जैसे कि जम्मू कश्मीर। अब आज आपको एक वर्ष के लिए जो संकल्प लेना है। उसमें हर गांव हर मोहल्ले में संघ की शाखा हो घर-घर में स्वयंसेवक हो। उद्बोधन के तदुपरांत प्रार्थना करने के बाद नगर में पथ संचलन निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाते हुए निकले। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा एवं रंगोली के माध्यम से संचलन का स्वागत किया। संचलन बालक हायर सेकेंडरी स्कूल से निकलकर नया बस स्टैंड, मटकी चौराहा होकर गांधी चौराहा पहुंचा, उसके बाद भगत सिंह तिराहा से वापस हायर सेकंडरी विद्यालय पहुंचा जहां कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अमानगंज में ट्रक की टक्कर से युवक घायल, मामला दर्ज

**अमानगंज**। थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया चौराहा के पास रविवार दोपहर एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। फरियादी मनोज अहिरवार पिता दशरथ अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी बिल्हा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने साथी गोलू कुशवाहा के साथ मोटरसाइकिल से अमानगंज से ईटौरी जा रहा था। आज दोपहर सिमरिया चौराहा पहुंचने पर हिनौती बायपास की ओर से तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक **MP16ZD** 4229 ने टक्कर मार दी।टक्कर लगने से मनोज अहिरवार को पैर, कोहनी, कंधे व घुटने में चोटें आईं, जबकि ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

# कर्म क्षेत्र के साक्षी बने कन्हैया-सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी के कार्यों को ध्यान में रखा-प्रदेषाध्यक्ष भाजपा खंडेलवाल ने किया हौसला अफजाई

प्रदेशाध्यक्ष भाजपा ने कर्म क्षेत्र में जहां बालिकाओं के जन्म व छात्र-छात्राओं की षिक्षा तथा खेलों का ख्याल रखते हुए आगामी कार्यक्रम जनवरी में जो ग्राम दनवारा से गूंजेगा जिसमें स्वयं भाजपा प्रदेषाध्यक्ष मुख्य अतिथ्यि के रूप में जाने जायेगें। साथ ही नेक कार्य को आगे संबल होगा प्रदान।



**पन्ना।**

सेना में सूबेदार के पद पर रहते हुए जहां अपने गांव की माटी में जन्मी बालिकाओं के सम्मान में सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी ने एक अनोखी पहल की शुरूआत जो की थी हर बेटी को जन्म पांच हजार रूपये सम्मान के रूप में बेटी के माता-पिता को प्रदान किया गया। वहीं षिक्षा के क्षेत्र में 80 प्रतिषत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को स्वयं उनके भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए सम्मान के रूप में जहां हवाई जिहाज में दिल्ली की यात्रा वहीं माता-पिता के साथ दिल्ली जहां घुमाने के लिए भी प्रतिभाषाली छात्र-छात्राओं को भ्रमण के रूप में उनका सम्मान वहीं गांवों में सेवा प्रदान करने वाले सभी शासकीय कर्मचारियों को सम्मान से नवाजा। हर ऐसे जरूरत मंद व्यक्ति की दुःख की घड़ी में आगे आकर मदद के रूप में जाने गये। ऐसे नेक कार्यों को लेकर पुष्पेन्द्र तिवारी की सोच जो जिले से लेकर प्रदेष स्तर तक जा पहुंची। विगत दिवसों में प्रदेषाध्यक्ष भाजपा खंडेलवाल जी से सेना के सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी अपने इष्ट मित्रों के साथ मिले वहीं भाजपा प्रदेषाध्यक्ष इस पल के रूप में साक्षी बने कन्हैया (योगेष्वर का योग) जो भावी समय ध्यान में रखकर साक्षी बना क्योंकि जहां नेक कार्यों से कर्मक्षेत्र को लेकर आगे की दिषा तय करने के लिए अब प्रदेषाध्यक्ष भाजपा की सहमति जो आगामी जनवरी माह में एक बार फिर ग्राम दनवारा में विषाल व विराट सोच के साथ हर गांव की बेटी जो जन्म ले चुकी है इस वर्ष उनके सम्मान में एक बृहद कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिष्चित माना जा रहा है। जिसमें प्रदेषाध्यक्ष भाजपा इस कार्यक्रम को आगे की दिषा देने के लिए जाने जायेगें। निष्चितौर पर जहां हमारे देष की संस्कृति जो नारी सम्मान को लेकर सदैव अलग ही जानी जाती है। वहीं बेटी के सम्मान को लेकर बेटी के जन्म से ही षिक्षा को भी ध्यान में रखते हुए उनके भविष्य को संवारते हुए जो सोच सेना में पदस्थ रहते हुए अपने गांव से आज समूचे जिले से लेकर प्रदेष तक में एक अलग पहचान बन चुकी है। पुष्पेन्द्र तिवारी की कार्यप्रणाली जहां इस नेक कार्य में बेटी के जन्म देने वाली मां का भी सम्मान वहीं हमारी संस्कृति बेटी को जो लक्ष्मी माना जाता है जिस घर में आती है उस घर की खुषहाली बेटी के जन्म से ही जानी जाये यह संदेष पुष्पेन्द्र तिवारी के द्वारा जो पांच हजार की नगद राषि प्रदान की जाती है वह सम्मान की दिषा मानी जा रही हैं वहीं षिक्षा के क्षेत्र में ग्राम दनवारा के भविष्य को उज्जवल मुकाम देने के लिए षिक्षा में प्रतिस्पर्धा को बनाया। वहीं खेलों के माध्यम से भी युवाओं का उत्साह बढ़ाया। साथ ही गांव में सेवा देने वाले कर्मचारियों का सम्मान आखिर यह हमारे गांव से ही जिला मुख्यालय का सफर तय करते हुए अब प्रदेष में भी इनके नेक कार्यों के स्वयं साक्षी बने। हमारे इस सुखद पल को लेकर भगवान कृष्ण की प्रतिमा जो सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी के सखा मित्र राजूराजा वहीं दीपक द्विवेदी व अन्य मित्रगण जहां सरल हृदय विराट सोच के धनी प्रदेषाध्यक्ष भाजपा खंडेलवाल जी ने सेना के सपूत सूबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी की कर्मक्षेत्र को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाने के लिए आगामी कार्यक्रम जनवरी माह में जो आयोजित होगा उसमें मुख्य अतिथि के रूप में चार चांद लगाते हुए जाने जायेगें भाजपा प्रदेषाध्यक्ष। जो अब यह कार्य आगे की दिषा को लेकर स्वयं ही अपनी कर्म क्षेत्र की ज्योति में प्रकाष से जिले को गौरवांवित करेगा।

## एक तरफ सौंदर्यीकरण तो दूसरी तरफ सड़क के उड़ रहे परखच्चे

# धूल आवामन में स्वास्थ्य के लिए समस्या तो वहीं दुघर्टनाओं का आमंत्रण बन रही सड़क

दास्ता नगर के मुख्य मार्ग नेषनल हाईबे 39 जो डायमण्ड चैक से लेकर छतरपुर की ओर जानी वाली सड़क जहां नगर में सौंदर्यीकरण को लेकर कार्य किया जा रहा है। वहीं इस सड़क के परखच्चे उड़ चुके है। दुर्घटनाओं का आमंत्रण साथ ही आम आदमी के स्वास्थ्य को लेकर उड़ती धूल जहां समस्या के रूप में स्वयं कर रही बयां। क्या जिम्मेदार इस सड़क के हालात पर करेगें गौर? ताकि समय रहते दुर्घटनाओं से बचाने के लिए सड़क पर हो सुधार।



पन्ना। नगर की मुख्य सड़क जो नेषनल हाईबे 39 पन्ना सतना मार्ग जो डायमण्ड चैक से लेकर छतरपुर की ओर जाती है। इस सड़क का सौंदर्यीकरण करने को लेकर जहां जे.के. सीमेन्ट कम्पनी के सहयोग से एक तरफ कार्य किया जा रहा है। तो वहीं दूसरी तरफ इस सड़क के परखच्चे उड़ चुके है। हालात सड़क को देखते ही बनते है। क्योंकि जहां सड़क अब स्वयं ही आवागमन में कहीं न कहीं दुघर्टनाओं को आमंत्रण देने वाली दास्ता को लेकर जानी जा रही है। इस सड़क में जहां निर्माण कार्य के चलते पूरे दिन एक ही तरफ से सड़क में आवागमन हो रहा है। जिसके चलते सड़क जर्जर हालात को लेकर कह सकते है। इतना ही नहीं इस सडक में जिस तरह से आवागमन करने में इस समय उड़ती धूल समस्या एक अलग ही बनी हुई है जो स्वास्थ्य के लिए जहां हानिकारक है दूसरी तरफ दुर्घटनाओं के आमंत्रण को लेकर सड़क जानी जा रही है। आखिरकार इस मार्ग से जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारी सभी गुजरते है। क्या इस सड़क पर गौर होगा जहां एक तरफ सौंदर्यीकरण को लेकर सपने सजोये गये तो वहीं दूसरी तरफ सड़क के परखच्चे उड़ चुके है। आखिरकार सौंदर्यीकरण क्या करेगा जब सड़क ही नहीं बचेगी। सड़क के सुधार कार्य को लेकर क्या होगा गौर? ताकि सड़क भी सौंदर्यीकरण को लेकर जानी जाये। जहां सड़क का सौंदर्यीकरण जब सड़क ही नहीं बची तो यह कैसा सौंदर्यीकरण कहलायेगा। आखिर यह तो जिम्मेदार ही जाने सड़क को लेकर कब होगा निर्माण। ताकि सड़क से ही सौंदर्यीकरण का सौंदर्य आवागमन के साथ-साथ नगर को लेकर जाना जाये।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी पर्व पर कमताना ग्राम में निकला पथ संचलन



**अमानगंज**। पन्ना जिले के अमानगंज खंड अंतर्गत कमताना उपखंड में विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे दिनांक 10 अक्टूबर को कमताना ग्राम मैं पद संचलन निकाला गया। जिसमें सैकड़ो स्वयंसेवक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में सर्वप्रथम शस्त्र पूजन मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से कराया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के बारे में स्वयंसेवकों को उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने कहा कि परम पूज्य डॉ. केशवबलिराम हेडगेवार ने 1925 मे संघ की स्थापना की थी। उस समय पांच लोग जुड़े थे, लेकिन आज लाखों कार्यकर्ताओं का संगठन बन चुका है। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों की यात्रा में कई उतार-चढ़ावआए, फिर भी संघ निरंतर आगे बढ़ता गया। और संघ का स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से कार्य करता है। आगे उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन के ऊपर प्रकाश डालते हुए कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण , सामाजिक समरसता, स्वदेशी, एवं नागरिक कर्तव्य के बारे में विस्तार पूर्वक स्वयंसेवकों एवं उपस्थित ग्राम वासियों को जानकारी दी।

## लाड़ली बहनों को रविवार को मिलेगी 29वीं किस्त

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्योपुर से अंतरित करेंगे राशि**

**पन्ना**। *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार, 12 अक्टूबर को श्योपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में 29वीं किस्त की राशि का अंतरण करेंगे। इस अवसर पर स्वसहायता समूह की महिलाओं को सीसीएल राशि का चेक भी सौंपा जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री दुधारू गाय प्रतियोगिता पुरस्कार योजना, आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत निःशुल्क उपचार योजना, मुख्यमंत्री कल्याण विवाह सहायता योजना, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा।*

## कलेक्टर ने की विकासखण्डवार खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की समीक्षा

# पांच दिवस में लक्षित हितग्राहियों को वर्तमान माह के राशन वितरण के दिए निर्देश

**पन्ना।**

कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत खाद्यान्न हितग्राहियों को प्रत्येक माह समय पर राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। निर्धारित समयावधि में खाद्यान्न का उठाव कर पारदर्शिता के साथ राशन का वितरण कराएं। आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर सभी पात्र लोगों को अनिवार्य रूप से पांच दिवस में राशन वितरित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जिम्मेवारी तय कर संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। जिला कलेक्टर ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई खाद्यान्न उठाव व वितरण की विकासखण्डवार समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। इस मौके पर खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान पंजीयन एवं आगामी उपार्जन कार्य की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नरेन्द्र सिंह धुर्वे तथा संबंधित




विभागों के अधिकारी व समिति प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने दुकानवार खाद्यान्न उठाव की जानकारी लेकर दो दिवस में परिवहन कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिले के नगरीय क्षेत्र में संचालित 32 एवं ग्रामीण क्षेत्रों की 400 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से गत माह के खाद्यान्न वितरण के बारे में पूछा तथा नियमित रूप से समय पर सभी दुकानों को खोलने के निर्देश भी दिए। मुनादी एवं अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर आम जनता को राशन वितरण के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारी को खाद्यान्न उठाव व वितरण की अद्यतन स्थिति से प्रतिदिन अवगत कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा पोर्टल पर भी अविलंब वांछित जानकारी की फीडिंग के लिए निर्देशित किया। प्रत्येक स्तर पर समन्वय की बात भी कही। कलेक्टर ने अमानगंज और शाहनगर क्षेत्र में कुछ अन्नदूत परिवहनकर्ताओं द्वारा लापरवाही बरतने पर इन्हें ब्लैकलिस्ट कर वैकल्पिक व्यवस्था और एमडीएम खाद्यान्न उठाव के संबंध में भी चर्चा की। बैठक में विक्रेताओं को देय कमीशन एवं वेतन का प्रतिमाह भुगतान करने तथा नवीन पात्रता पर्ची एवं नवीन सदस्य के नाम खाद्यान्न पर्ची में जोड़ने के संबंध में अभियान मोड में वांछित प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय भी लिया गया।

इस अवसर पर आगामी दिसम्बर माह में धान उपार्जन कार्य शुरू होने के संभावना के दृष्टिगत प्रस्तावित केन्द्रों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही तथा प्राथमिकता के साथ सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर तक 37 हजार 826 किसानों द्वारा फसल विक्रय के लिए पंजीयन कराया जा चुका है। अब इसके पारदर्शी तरीके से सत्यापन की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रत्येक माह फील्ड विजिट कर एवं शिविर लगाकर लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान खाद वितरण की समस्याओं के निराकरण तथा उर्वरक की सेपरेट रैक की उपलब्धता के संबंध में भी विचार विमर्श हुआ।

# अमानगंज में खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**पन्ना**। खाद्य सुरक्षा एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा आगामी पर्वों के दृष्टिगत अभियान संचालित कर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार राय द्वारा शनिवार को अमानगंज तहसील क्षेत्र में रेस्टोरेंट एवं मिष्ठान दुकानों सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूना लिया गया। यहां जटाशंकर भोजनालय व रेस्टोरेंट से बर्फी, गोपाल स्वीट्स एवं चाट भंडार से खोवा एवं मां कामधेनु दूध डेयरी से पतीसा मिठाई का सैम्पल जांच के लिए लिया गया। निरीक्षण कार्रवाई के दौरान तहसीलदार ममता मिश्रा एवं नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया भी उपस्थित रहे।

# सायबर ठगी के शिकार आवेदक को मिली राहत- सायबर सेल पन्ना की तत्पर कार्यवाही से 70,000 की राशि की गई रिकवर

पन्ना पुलिस की कार्यप्रणाली जहां सायबर ठगी को लेकर सतत जागरूकता को लेकर संदेष दिया जा रहा है। वहीं आम आदमी की सुरक्षा को लेकर पुलिस की तत्परता पूर्वक कार्यवाही सायबर सेल के माध्यम से 70 हजार रूपये की राषि की रिकवर को लेकर सराहनीय कार्य माना जा रहा है। जान व माल की रक्षा की भूमिका वहीं जागरूकता का संदेष आखिर लोग कब होगें सचेत। साथ ही पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू जो सायबर सेल की कार्य को लेकर जहां एक तरफ प्रषंसा वहीं दूसरी तरफ आम आदमी से आग्रह अपील को लेकर किया गया है। लोग आखिरकार पुलिस के द्वारा बताये गये मार्गदर्षन पर कब गौर करेगें ताकि हमारे साथ किसी भी तरह की ठगी न हो सके। आखिर पुलिस का समय जो जाया होता है साथ ही परेषानी के दौर से गुजरना पड़ता है केवल हमारी चूक के कारण फिर भी पुलिस की संवेदनषीलता के चलते ठगी का षिकार होने वाले को भी उनकी राषि वापिस लाने के लिए जो प्रयास सायबर सेल के माध्यम से किये जा रहे यह पन्ना पुलिस की नेक सोच व कार्यप्रणाली को लेकर जाना जा रहा है।



**पन्ना।**

दिनांक 22/09/2025 को आवेदक तुषार मलिक निवासी गुनौर के साथ एक साइबर ठगी की घटना घटित हुई थी, जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर ओटीपी एवं कार्ड संबंधी जानकारी प्राप्त कर ली गई। इस छलपूर्वक कार्यवाही के माध्यम से ठग ने आवेदक के खाते से लगभग 70,000/- (सत्तर हजार रुपए) की राशि आहरण कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही आवेदक तत्काल थाना गुनौर पहुँचा, जहाँ पर तत्कालीन थाना प्रभारी दीपक भदौरिया द्वारा तत्परता दिखाते हुए सम्पूर्ण प्रकरण की जानकारी सायबर सेल पन्ना को प्रेषित की गई। सायबर सेल पन्ना की टीम द्वारा घटना की गहराई से जाँच करते हुए संबंधित क्रेडिट कार्ड नंबर एवं ट्रांजेक्शन आईडी का विश्लेषण किया गया। तत्पश्चात सायबर टीम ने संबंधित वॉलेट एवं मर्चेंट कंपनियों से संपर्क स्थापित कर राशि को ब्लॉक कराते हुए सफलतापूर्वक पूरी राशि रिकवर करा ली। इस प्रकार आवेदक तुषार मलिक को उनकी सम्पूर्ण 70,000/- की राशि वापस कराई गई। सायबर सेल पन्ना की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही से पीड़ति को आर्थिक राहत मिली तथा जिले में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा सायबर सेल टीम के कार्य की सराहना करते हुए नागरिकों से अपील की गई है कि-किसी भी अंजान व्यक्ति द्वारा फोन पर ओटीपी, सीवीवी, कार्ड नंबर या बैंक विवरण मांगे जाने पर साझा न करें। बैंक अधिकारी या प्रतिनिधि कभी भी इस प्रकार की जानकारी नहीं मांगते हैं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध कॉल, लिंक या संदेश प्राप्त होने पर तत्काल .बलइमतबतपउम.हवअ.पद या नजदीकी थाने/ सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# परिवहन विभाग द्वारा वाहन चेकिंग कर वसूला गया जुर्माना



**पन्ना।**

शासन के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित सघन वाहन चेकिंग अभियान के तहत यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। शनिवार को भी आरटीओ एवं पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान संचालित कर 30 वाहन चेक किए गए। इस दौरान विभिन्न नियमों के उल्लंघन पर तीन ऑटो को जप्त किया गया। साथ ही 24 हजार रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्रवाई भी की गई। आगामी दिवसों में भी सघन वाहन चेकिंग अभियान संचालित रहेगा।

## विधिक साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को दी जानकारी



**पन्ना**। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ के निर्देशन में गत दिवस शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना एवं महारानी लक्ष्मीबाई उ.मा. विद्यालय पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकार एवं कत्र्तव्य, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध अधिनियम, गुड एवं बैड टच, पॉक्सो एक्ट, यातायात नियम एवं साइबर क्राइम इत्यादि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध रहकर एवं जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में प्रयास करने की सलाह दी। शिविर में विद्यालय प्राचार्य सहित शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# सहायक उप निरीक्षक आनंद मोहन मिश्रा पवई में पदस्थ



**पवई**। पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू द्वारा जिले में कानून व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मचारियों के फेरबदल किए गए हैं इसी कड़ी में सहायक उप निरीक्षक आनंद मोहन मिश्रा चैकी प्रभारी चंदोरा थाना अजयगढ़ को पवई में पदस्थ किया गया है उल्लेखनीय है कि आनंद मोहन मिश्रा द्वारा चैकी प्रभारी चांदोरा के पद पर सराहनीय कार्य किया गया है और दशहरा पर्व दुर्गा विसर्जन के दौरान नदी में डूब रहे एक युवक की जान बचाई थी जिस कार्य की पूरे जिले में सराहना की जा रही हैं।

खबर संक्षेप

## श्रीमती रामदुलारी शुक्ला का निधन



**खजुराहो।** पत्रकार राजीव शुक्ला एवं संजीव शुक्ला की पूज्यनीय माताजी श्रीमती रामदुलारी शुक्ला 90 वर्ष की आयू में निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार रविवार 12 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे दूल्हा देव घाट पर किया गया।

## हटा को स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान मिलने पर किया सम्मानित

**हटा।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले की सभी निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं नगरीय क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु सुझाव एवं सहभागिता के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक बेलाताल स्थित ऑडीटोरियम में आयोजित की गई। जहां कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि स्वच्छता को लेकर सर्वे होने वाला है, जैसे कि सभी जानते है कि पिछले कुछ सालो से हमारी रैंकिग अच्छी नही रही है, पिछले वर्ष हटा को छोड़कर कोई भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था, इसलिए हम चाहते थे कि अगले सर्वेक्षण के लिए तैयारियां अभी से शुरू करें। कलेक्टर द्वारा जिले के अपनी निकाय के समस्त जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं पार्षदगणों को उक्त कार्यशाला में आमंत्रित किया गया जिसमें आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण जिले की रैंकिंग सुधार हेतु कार्यशाला एवं सुझाव लिए गए तथा स्वच्छता सर्वेक्षण जिले में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर नगर पालिका हटा के तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र कुमार खरे, स्वच्छता नोडल अधिकारी दीपक श्रीवास्तव, सहायक कुलदीप पटेल एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सनत सिंह, प्रभारी रणप्रताप सिंह, बलराम सोनी तथा नगर पालिका से कर्मचारियों सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम दमोह विधायक जयंत मलैया, श्याम शिवहरे एवं जिले के सभी नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद गण एवं जिले का अभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## भागवत कथा सुनने से भगवान के प्रति गहरी आस्था बढ़ती है- आशीष गुरु

हरिभूमि न्यूज:सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर मे स्वर्गीय श्री बाला प्रसाद जी पटेल की प्रथम पुण्यतिथी में सुनील पटेल के यहां चल रही श्री मद्भागवत भागवत कथा मे कथावाचक पंडित श्री आशीष गुरु कृष्णचरणानुरागी जी ने तृतीय दिवस की कथा मे बताया कि भागवत कथा सुनने से व्यक्ति के आध्यात्मिक विकास के साथ भगवान के प्रति गहरी आस्था बढ़ती है। उन्होंने सती प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं। वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान तो नहीं हो रहा है। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए।

# पीडब्ल्यूडी भवन विक्रय मामले में 5 लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर

## गंभीर मामला होने के बाद भी पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों के नाम एफआईआर में नही

छतरपुर।

लोक निर्माण विभाग के शासकीय भवन क्रमांक 64 हाउस आफ उमाशंकर दफ्तरीवाला की अवैध रजिस्ट्री प्रकरण के संबंध में कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग छतरपुर आशीष भारती ने कोतवाली थाना में नगर पालिका परिषद् छतरपुर के सहायक राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र नापित (सहायक ग्रेड-3), दयाराम कुशवाहा (सहायक राजस्व निरीक्षक) तत्कालीन राजस्व शाखा प्रभारी, उमाशंकर पाल अस्थायी संविदा श्रमिक एवं कंसू लाल अहिरवार प्रभारी उपपंजीयक छतरपुर वर्तमान पदस्थापना तहसील नौगांव एवं सेवा प्रदाता रघुनंदन प्रसाद पाठक के विरुद्ध बीएनएस 2023 की धारा 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज कराई। लेकिन इस गंभीर मामले में लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों के नाम एफआईआर में नही शामिल है। जिससे शहर में तरह तरह की चर्चाएं हो रही है कि आखिर पीडब्लयूडी के कर्मचारियों को दोषी क्यों नही माना गया। कहीं ऐसा तो नही 5 लोगों के विरूद्व एफआईआर कराकर इस पूरे मामले का पटाक्षेप किया जा रहा हो। क्योंकि जो खबरें छन छन कर आ रही है उन खबरों के अनुसार इस पूरे मामले में कहीं न कहीं किसी सफेद पोश का हाथ जरूर रहा होगा। अन्यथा इस तरह सरकारी बिल्डिग़ की रजिस्ट्री धोखाधड़ी करके नही कराई जा सकती थी। केवल एसडीओ कमलेश मिश्रा के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु कमीश्नर को प्रस्ताव भेजा गया है, जो लोगों के गले से नहीं उतर रहा है।




### भवन पीडब्ल्यूडी का फिर ध्वस्त करने का नोटिस उपाध्याय परिवार को क्यों? -

जिस बिल्डिंग को लेकर एक सप्ताह से उथल पुथल मची हुई है और इसमें 5 कर्मचारियों के विरूद्व एफआईआर भी हो चुकी है। लेकिन सीएमओ नगरपालिका छतरपुर माधुरी शर्मा ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि भवन क्रमांक 64 (हाउस ऑफ उमाशंकर दफ्तरी) जो भवन महल रोड बालाजी मंदिर के सामने स्थित हैं। उक्त भवन जीर्ण-शीर्ण, पुराना एवं क्षतिग्रस्त दशा में है एवं उसके गिरने की सभांवना है जिसके लिए निशा उपाध्याय पत्नी स्व. बृजेश उपाध्याय, गोपाल उपाध्याय तनय स्व. बृजेश उपाध्याय, विजय उपाध्याय तनय स्व. बृजेश उपाध्याय तीनो निवासीगण रैन बसेरा के सामने, तीर्थराजपुरी, सीतापुर बलगई चित्रकूट भैसोन्धा, जिला चित्रकूट (म.प्र.) और राकेश कुमार उपाध्याय तनय स्व. गणेशदत्त उपाध्याय निवासी- वार्ड न.-20 सबनीगर मुहल्ला छतरपुर स्वयं जिम्मेदार होगें। अतः उक्त भवन को 2 दिवस मे स्वतः सावधानी पूर्वक मरम्मत करने की कार्यवाही करें एवं पालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा कि स्थिति में म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 221 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाकर निकाय द्वारा हटवाया जाएगा एवं उसमें होने वाले व्यय की क्षति पूर्ति संबंधित से वसूल की जाएगी, जिसके लिए सम्बंधित स्वतः उत्तरदायी होगें। सीएमओ द्वारा जारी नोटिस भी शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है जब यह बात सिद्व हो चुकी है कि भवन पीडब्लयूडी का है तो उसे ध्वस्त करने के लिए नोटिस उपाध्याय परिवार को क्यों दिया गया नगर पालिका सीएमओ को स्वय इतने अधिकार है कि जीर्ण शीर्ण बिल्डिग़ को सुरक्षा की दृष्टि से ध्वस्त कराया जा सकता था लेकिन इस तरह का नोटिस जारी कर सीएमओ खुद चर्चाओ में आ गई है।

### नपा के सविंदाकर्मी का अब नही होगा अनुबंध -

सीएमओ नगरपालिका छतरपुर माधुरी शर्मा द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि 2025-26 निकाय में संधारित वर्ष 2024-25 की सम्पत्तिकर पंजी में वार्ड क्र. 27 महल रोड बालाजी मंदिर के सामने दर्ज भवन क्र. 86 जो पूर्व में लोक निर्माण विभाग उमाशंकर तिवारी के नाम से दर्ज था के स्थान पर राकेश उपाध्याय, निशा, गोपाल एवं विजया पुत्री वृजेश उपाध्याय अंकित किया गया है। जिसके संबंध में नामांतरण लिपिक निवेदिता सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक को कार्यालय पत्र क्र. 8636 दिनांक 10.10.2025 से स्पष्टीकरण हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। जिसके दिनांक 10.10.2025 को प्रस्तुत प्रतिउत्तर में उमाशंकर पाल, अस्थाई श्रमिक द्वारा लाल स्याही से प्रविष्टि सम्पत्तिकर निर्धारण पंजी में दर्ज की गयी है का उल्लेखित किया गया है तथा उमाशंकर पाल द्वारा दिनांक 09.10.2025 को अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष लाल स्याही से प्रविष्टि को दर्ज किया जाना स्वीकार किया था। उपरोक्त से यह स्पष्ट होता है कि अस्थाई संविदा श्रमिक द्वारा बिना सक्षम स्वीकृति एवं अनाधिकृत रूप से सम्पत्तिकर निर्धारण पंजी में हस्तक्षेप कर लोक निर्माण विभाग उमा शंकर तिवारी के स्थान पर लाल स्याही से राकेश उपाध्याय, निशा, गोपाल एवं विजया पुत्री वृजेश उपाध्याय अंकित किया गया है। उपरोक्त कृत्य पदीय कर्तव्यों में घोर लापरवाही कदारण एवं अनुशासनहीनता का द्योतक है जो आपकी अनुबंध सेवा शर्तों के विरूद्ध है। जिसके फलस्वरूप उमाशंकर पाल निकाय में संधारित वर्ष 2025-26 का अनुबंध अग्रिम सेवाओं हेतु दिनांक 11.10.2025 से निरस्त किया जाता है।




# संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ने किया भक्तिमय वातावरण

**लवकुशनगर/छतरपुर।** लवकुशनगर में चौरसिया मुहाल स्थित रामलीला मैदान में इस समय धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ पर दिव्य एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का भव्य आयोजन जारी है, जिसमें श्रद्धा, संगीत और भक्ति का अनुपम मेल देखने को मिल रहा है।

इस पावन कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्री वेदांत जी महाराज के श्रीमुख से हो रहा है। उनकी मधुर वाणी और आध्यात्मिक व्याख्यान से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचकर भगवान की लीलाओं का श्रवण कर रहे हैं और अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं।

कथा के पांचवें दिन आचार्य श्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया, जिसमें नटखट नंदलाल के अद्भुत बाल स्वरूप, माखन चोरी, गोकुल की मनमोहक छवियाँ और मुरली की मधुर तान जैसे प्रसंगों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान बार-बार गोविन्द मेरो है, और हम गोविन्द के हैं के जयघोष से पूरा मैदान गूंज उठा।यह दिव्य आयोजन समस्त चौरसिया समाज के सहयोग से संपन्न हो रहा है। समाज के सभी सदस्य तन, मन और धन से कथा सेवा में जुटे हुए हैं। कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रभर के श्रद्धालु और नगरवासी सम्मिलित होंगे।

आयोजन समिति ने नगर के सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे प्रतिदिन शाम 6 बजे कथा स्थल रामलीला मैदान, चौरसिया मुहाल पर पधारकर आचार्य श्री वेदांत जी महाराज के श्रीमुख से अमृतमय श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करें और भक्ति, शांति एवं पुण्य लाभ प्राप्त करें। यह कथा न केवल आध्यात्मिक जागृति का माध्यम बन रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र में धर्म, प्रेम और एकता का संदेश भी फैला रही है।

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ द्वारा मनाया गया स्थापना दिवस

छतरपुर।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई छतरपुर के द्वारा संघ का स्थापना दिवस शहर के एक होटल में बड़े धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र हिंगवासिया और मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अशोक पटेरिया रहे एवं मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय उपाध्यक्ष केएस पाठक, संगठन मंत्री जगदीश चतुर्वेदी, एलआर पटेल, मज़दूर संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह के द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की गई। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के स्थापना दिवस पर जिले के अन्य संघों के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया जिसमें जिला कोषालय अधिकारी बीके श्रीवास्तव, लिपिक संघ से अनिल पटेरिया, शिक्षक कांग्रेस संघ से रामहित व्यास, शिक्षक संघ से आनन्द अरजरिया और पेंशन संघ से गोस्वामी मुख्य रहे।




जिला सचिव विपिन दीक्षित एवं अध्यक्ष श्रीकांत चौरसिया के नेतृत्व में जिले में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ अपनी अलग पहचान बना रहा है जो कर्मचारियों की समस्याओं के निपटारे मे प्राथमिकता से लगा हुआ है। विपिन दीक्षित ने बताया कि संघ की स्थापना 06 अक्टूबर वर्ष 1978 में हुई थी और तब से आज तक संघ के एक एक सदस्य की कड़ी मेहनत और निष्ठा से आज मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ इस आयाम पर पहुंचा है जहां पर कर्मचारी हितों में उठी प्रत्येक मांगों को सरकारों को सुनना पड़ता है और मानना पड़ता है। कार्यक्रम में जिले, ब्लॉक एवं तहसील के संघ के समस्त पदाधिगण उपस्थित रहे। जिला कार्यकारिणी के सदस्य प्रतीक अग्रवाल, सजग गुप्ता, नम्रता शुक्ला, शिवेंद्र निगम, अंकित खरे द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और सभी संघों के साथ मिलकर कर्मचारी हित में काम करने का निर्णय लिया गया। स्वतंत्र त्रिपाठी द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एसपी ने सिविल लाइन पुलिस आवासीय परिसर का भ्रमण कर किया निरीक्षण

### पुलिस परिवार से सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**छतरपुर।** आज दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा सिविल लाइन पुलिस आवासीय परिसर का भ्रमण कर संपूर्ण परिसर, क्रीड़ा उद्यान एवं भवनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत परिसर में निवासरत पुलिस परिवार के सदस्यों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली।



संवाद के दौरान आवासीय परिसर की साफ-सफाई, जलापूर्ति, जल निकास, प्रकाश व्यवस्था, तार फेंसिंग सहित अन्य आवश्यक सुधार संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को इन व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस परिवार के बच्चों से अध्ययन एवं खेलकूद के विषय में भी बातचीत की। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही परिसर में संचालित लाइब्रेरी में आवश्यक पुस्तकों एवं अध्ययन सामग्री की उपलब्धता के विषय में भी जानकारी बताई। पुलिस परिवार के सदस्यों द्वारा बताई गई समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक अजाक रविंद्र मिश्रा, रक्षित केंद्र प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा, एवं आवासीय परिसर में निवासरत पुलिस परिवार के सदस्य सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग द्वारा किया गया छात्रावासों का औचक निरीक्षण

छतरपुर

जनजातिय कार्य विभाग छतरपुर के जिला संयोजक मनोज अहिरवार द्वारा राजनगर विकासखंड के विभिन्न छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान छात्रावास में पाई गई कमियों को देखते हुए कई अधीक्षकों को फटकार लगाइ । शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास चंद्रनगर में छात्रावास में साफ सफाई न होने, बिजली के खुले तार मिलने, एवं छात्रों की उपस्थिति कम पाए जाने के साथ अधीक्षक तिग्गा के अनुपस्थित होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई एवं भविष्य में छात्रावास के सुचारू संचालन के निर्देश दिए गए इसी प्रकार शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास खजुराहो, शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट बालक छात्रावास राजनगर, शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास राजनगर एवं शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर कन्या छात्रावास राजनगर में छात्रों को मीनू अनुसार भोजन दिए जाने, साफ सफाई रखना एवं छात्रों की उपस्थिति सत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए एवं यह भी हिदायत दी गई कि छात्रावास में किसी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं होगी यदि छात्रावास में कमी पाई जाती है तो संबंधित अधीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर में स्वदेशी जागरण मंच का व्याख्यान आयोजित

**छतरपुर।** स्वदेशी जागरण मंच, स्वावलंबी भारत एवं स्वदेशी सुरक्षा स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी प्रवास के अंतर्गत मध्य क्षेत्र संयोजक सुनील दाते ने स्वदेशी विचारधारा, आत्मनिर्भर भारत तथा स्वावलंबन के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अमित जैन सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। श्री दाते जी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी का अर्थ केवल भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग नहीं, बल्कि भारतीय चिंतन, मूल्य और आत्मनिर्भरता की भावना को अपनाना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कौशल और नवाचार से देश को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में कुलपति प्रो. अमित जैन ने श्री दाते का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों में देशप्रेम, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की भावना जागृत होती है। उक्त कार्यक्रम में दीपक तिवारी, आशीष ताम्रकार जिला समन्वयक जन अभियान परिषद,नीरज खरे, प्रोफेसर जेपी शाक्य, अभिलाष द्विवेदी, सत्यम सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन संपन्न

**छतरपुर।** रविवार की शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक भव्य एकत्रीकरण एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह संचलन चौपाटी से प्रारंभ होकर छत्रसाल चौराहा, आकाशवाणी तिराहा, जवाहर रोड, बस स्टैंड और चौक बाजार से होता हुआ पुनः चौपाटी पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए आगे बढ़े। संचलन के मार्ग में नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति और उत्साह से गूंज उठा। पथ संचलन में संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इसी क्रम में विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से देशभर में इस प्रकार के संचलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



## 32 वर्षीय महिला ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

नौगांव।

अलीपुरा थाना अंतर्गत ग्राम भदर्रा में रहने वाले राम प्रसाद राजपूत की पत्नी ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम भदर्रा में छपरा नाला स्थित राम स्वरूप राजपूत के खेत में फांसी के फंदे पर महिला लटकी मिली। बताया जाता है कि पेड़ की डाली पर स्टोल के कपड़े से महिला ने फांसी लगाई। मृतक राम देवी पति राम प्रसाद राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी भदर्रा का विवाह लगभग 16 साल पहले ग्राम भदर्रा हुआ था। मृतिका के पिता ने बताया कि राम देवी ने ऐसा कदम उठाया की वह तो चली गई लेकिन अपने पीछे तीन बच्चियों को छोड़ गई जिसके लालन पालन की जिम्मेदारी कौन निभाएगा। मृतिका के पिता ने बताया कि पति पत्नी की अक्सर अन बन चलती रहती थी। जिसकी उन्होंने अलीपुरा थाना में बाकायदा शिकायत की थी। पुलिस ने दोनों को शांत करा कर ससुराल भेज दिया था।

## पुलिस ने एक सप्ताह में 166 गुम इंसान को किया दस्तयाब

छतरपुर

पुलिस द्वारा जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम इंसान की तलाश कर दस्तयाबी की जाकर परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया जा रहा है। साथ ही अन्य राज्यों एवं जिलों के व्यक्ति एवं मानसिक विक्षिप्त, घायल जो गुम होकर छतरपुर जिले में मिलते हैं, संबंधित थाना पुलिस से संपर्क कर सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। दिनांक 1 जनवरी 2025 से अभी तक(पंजीकृत) गुम हुए 683 (181 पुरुष, 502 महिला) से अधिक गुम इंसान की दस्तयाबी की गई हैं। विशेष अभियान के तहत एक सप्ताह में जिले में 166 गुम इंसान (51 पुरुष, 115 महिला) की दस्तयाबी की गई। जिले में अनुभाग खजुराहो में 42, अनुभाग छतरपुर में 34, अनुभाग लवकुश नगर में 32, अनुभाग बड़ा मलहरा में 23, अनुभाग नौगांव में 19 एवं अनुभाग बिजावर में 16 गुम इंसान की दस्तयाबी की गई है।

# पुलिस ने 70 हजार रुपये के अवैध पटाखे किए जब्त

नौगांव/छतरपुर।

मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों एवं रिहायशी इलाकों में पटाखों का उत्पादन, भंडारण एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दुकानदारों को केवल सुरक्षित स्थानों पर बिक्री हेतु अनुमति दी गई है तथा दुकानों में आवश्यक सुरक्षा मानकों व अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लंघन की स्थिति में दुकानदार एवं संबंधित व्यक्ति पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में रात्रि गश्त के दौरान थाना नौगांव पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि नौगांव कस्बा के रहवासी क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने मकान में आतिशबाजी सामग्री विक्रय हेतु अवैध रूप से संग्रह किए है। पुलिस टीम ने मौके से करीब 70 हज़ार रुपये मूल्य की विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी सामग्री जो 8 कार्टून में भरी हुई थी, जप्त की तथा आरोपी ब्रजकिशोर शिवहरे पिता परमेश्वरी दयाल निवासी ड्रीम वैली कॉलोनी नौगांव को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राजपूत, उप निरीक्षक कुलदीप सिंह जादौन, आरक्षक अरविंद, प्रहलाद, आशीष, राहुल, कमलेश की भूमिका रही। थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि लाइसेंस प्राप्त दुकानों से ही पटाखे खरीदें और किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# ट्रेन की रफ्तार पर ब्रेक : रीवा इंटरसिटी और मुंबई ट्रेन घंटों लेट, यात्रियों की बढ़ी मुसीबत, रेलवे स्टेशन पर रातभर इंतज़ार करते रहे यात्री, घर पहुंचने में भी हुई मुश्किल

रीवा-जबलपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी ट्रेन शुक्रवार की रात लंबी देरी का शिकार रही, वहीं मुम्बई से रीवा के लिए चल रही ट्रेन भी करीब 10 घंटे लेट रीवा पहुंची।

रीवा ।



जबलपुर से रीवा के लिए निर्धारित समय 5:15 बजे रवाना हुई ट्रेन कटनी के स्लीमनाबाद रोड स्टेशन पर पहले 25 मिनट लेट पहुंची। इसके बाद तकनीकी समस्या के कारण यह ट्रेन शाम 6:22 बजे से 7:20 बजे तक एक घंटे तक रुकी रही। ट्रेन अमदरा और उचेहरा रेलवे स्टेशनों पर भी खड़ी रही। अंततः रात 11:52 बजे रीवा स्टेशन पहुंची। इस लेटलतीफी के कारण यात्रियों को रात में रेलवे स्टेशन से घर पहुंचने में बड़ी परेशानी हुई। वहीं रीया-मुंबई ट्रेन गुरुवार को रीवा से चार घंटे की देरी से रवाना हुई और मुम्बई पहुंची। इसके बाद कल्याण से नासिक के बीच डेढ़ घंटे की लेट हुई और सभी स्टेशनों पर ट्रेन लगातार लेट रही। शनिवार को सुबह 9:45 बजे पहुंचने वाली ट्रेन सायंकाल साढ़े सात बजे रीवा पहुंची, जिससे यात्रियों को लगभग दस घंटे अतिरिक्त समय देन में बिताना पड़ा। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से समयबद्ध सेवाओं की बहाली की मांग की है।1

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठजनों की जांच के लिए शिविरों का आयोजन आज

**रीवा ।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा अटल वयों अभ्युदय योजनान्तर्गत बुजुर्गों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में कृत्रिम अंग के लिए पात्र पाए गए बुजुर्गों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम तथा एलिम्को संस्था द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा संबंधित जनपद के सीईओ को शिविर के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृत्रिम अंग के लिए पात्र बुजुर्गों का चिन्हांकन करके उन्हें शिविर से लाभान्वित कराएं। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि 13 अक्टूबर को विधि महाविद्यालय रीवा में आयोजित शिविर में नगर निगम रीवा, नगर परिषद गोविंदगढ़, सिरमौर, सेमरिया एवं बैकुंठपुर सहित जनपद रीवा एवं सिरमौर के वरिष्ठजनों की जांच की जायेगी। जबकि 14 अक्टूबर को जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान सभागार में आयोजित शिविर में नगरीय निकाय मनगवां एवं गुढ़ तथा जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान एवं गंगेव, 15 अक्टूबर को जनपद पंचायत मऊगंज में नगरीय निकाय नईगढी, हनुमना एवं मऊगंज सहित जनपद नईगढ़ी, हनुमना एवं मऊगंज के वृद्धजनों और 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत त्योंथर में आयोजित शिविर में नगरीय निकाय त्योंथर, चाकघाट, डभौरा सहित जनपद पंचायत जवा एवं त्योंथर के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु वृद्धजनों की जांच होगी।

### तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को जाएगी द्वारका और सोमनाथ आवेदन की अंतिम तिथि आज

**रीवा ।** शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की निःशुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है। इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी। इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी। तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ जाएंगे। आवेदक बुजुर्ग को आयकर दाता नहीं होना चाहिए। पात्र बुजुर्ग अपनी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय अथवा नगरीय निकाय में 13 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से तीर्थयात्रियों का चयन किया जाएगा। यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। सभी तीर्थयात्री अपने साथ मौसम के अनुकूल कपड़े, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री तथा दवाएं अपने साथ रखें।

## गर्भवती महिला और नवजात की मौत, इलाज में लापरवाही का आरोप

**मां ने अस्पताल के बाहर बैठकर रोते हुए कहा बेटी को बचाया जा सकता थागांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती थी महिला, दो दिन तक नहीं मिला सही इलाज**

रीवा ।



रीवा गांधी स्मृति चिकित्सालय में प्रसव के लिए लाई गई गर्भवती सहित उसके पेट में पल रहे नवजात शिशु की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया। मृत बेटी के शव पास बैठकर मां बिलखती रही। सतना निवासी दीपा गुप्ता को प्रसव के लिए जिला अस्पताल से रेफर करने पर परिजन गांधी स्मृति चिकित्सालय लेकर आए थे। 7 अक्टूबर को उसे भर्ती किया गया था। पेट में ही नवजात शिशु की मौत हो गई थी। चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर पेट से बच्चे को निकाला। उसके बाद महिला की हालत काफी ज्यादा बिगड़ गई और वेटीलेटर पर रखा गया था। शनिवार की सुबह महिला की अस्पताल में मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने वार्ड के चिकित्सको पर लापरवाही का आरोप लगाया। अस्पताल के बाहर बेटी के के शव के पास मां बिखलते हुए बैठी रही। मां ने बताया कि दो दिनों तक उनकी बेटी वार्ड में भर्ती रही, लेकिन सही ढंग से इलाज नहीं किया गया। जब हालत बिगड़ गई तब उसे ऑपरेशन के लिए ले जाया गया। जब वह डॉक्टरों से कुछ बोलती तो वे मारने पर आमदा हो जाते थे। ऑपरेशन के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई। यदि समय रहते उसको उपचार मिल जाता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। वहीं दूसरी ओर इस पूरे मामले गमले को को लेकर लेकर अस्पता अस्पताल प्रबंधन ने भी भी पक्ष रखा है। उनके मुताविक महिला को पीलिया था और यूरिन नहीं निकल रहा था। इसकी वजह से उसकी हालत खराब थी। जब सामान्य रूप से बच्चे को नहीं निकाला जा सका तो आपरेशन किया गया। आपरेशन के बाद महिला की हालत गंभीर हो गई और बेटीलेटर सपोट में रखा गया था। ब्लड प्रेशर बढ़ने की वजह से महिला की मौत हो गई हैं।

**आरआई को निलंबन का नोटिस, निगमायुक्त ने की जलकर और राजस्व वसूली की समीक्षा**

## बड़े बकायादारों के नल कनेक्शन काटने के निर्देश

रीवा ।



रीवा नगर निगम कार्यालय में शनिवार को राजस्व एवं जलकर विभाग की वसूली के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने साप्ताहिक वसूली की प्रगति की जानकारी ली। जलकर वसूली की न्यूनतम प्रगति पर सख्त निर्देशित किया कि अभियान चला कर वार्डवार बड़े बड़े बकायदारों की सूची तैयार कर वसूली करें। जिन बड़े बकायादार द्वारा जलकर जमा नहीं किया जाता, विशेष तौर पर टीम गठित कर उनके नल कनेक्शन कटवाए जाए। यह भी सुनिश्चित करें कि जिनके कनेक्शन काटे हैं, अगर बिना अनुमति के अवैध रूप से पुनः जोड़ लेते हैं तो उन पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। निगम आयुक्त ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार नए कनेक्शन करने से पूर्व यह भी जांच लें कि उस घर का सीवर लाइन से कनेक्शन हो गया है। पहले सीवर का कनेक्शन सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में न्यू कनेक्शन नहीं दिए जाए। जोनवार प्रॉपर्टी टैक्स की समीक्षा करते हुए कहा कि 2 तिमाही बीतने के बाद भी भी लक्ष्य लक्ष्य से काफी कम वसूली प्रगति है। सभी वार्ड प्रभारियों को सख्त निर्देशित किए कि सभी लोग निरंतर संपर्क करते हुए डोर टू डोर जाकर टैक्स कलेक्शन करें। वार्ड 4 के प्रभारी के बैठक में बिना अनुमति अनुपस्थित होने पर। वेतन वृद्धि रोके जाने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वार्ड 36 एवं वार्ड 28 द्वारा पीओएस मशीन से वसूली न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश साथ ही वार्ड 19 के सहायक राजस्व निरीक्षक को इस सप्ताह जीरो वसूली एवं कार्य में लापरवाही बरतने पर निलंबन के नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।दीपावली के पहले करें तालाबंदीकमर्शियल एरिया के बड़े टैक्स बकायादारों की जानकारी लेते हुए सभी बड़े बकायादारों पर दीपावली के पूर्व तालाबंदी की कार्रवाई करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए। रहवासियों सियों क्षेत्रों क्षेत्रों के बड़े बकायादारों को भी जिनकी कुर्की नोटिस की अवधि समाप्त हो गई है. अंतिम 3 दिवस की नोटिस जारी करते हुए दीपावली के पूर्व कुकर्की की कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में केएन साकेत, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी, राजस्व निरीक्षक रविप्रकाश मिश्र एवं वार्ड प्रभारी के साथ राजस्व अमला मौजूद रहा।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम संपन्न

रीवा ।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा श्योपुर से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत माह अक्टूबर की सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गयी। प्रदेशभर में आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम में जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायतों में हितग्राही महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। ग्राम पंचायतों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा तथा मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना। कार्यक्रम के दौरान जिले की कुल 4,04,294 हितग्राही बहनों के खातों में 50.53 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया एवं योजना के माध्यम से प्राप्त हो रहे सहयोग को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। लाइव प्रसारण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के सहयोग से व्यापक प्रबंध किए गए। कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों तथा ग्रामीण महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## नशीली सिरप के साथ तस्कर गिरफ्तार, कबाड़ी मोहल्ले में करनी थी बिक्री



रीवा ।

नशे का गढ़ बन चुके कबाड़ी मोहल्ले के एक तस्कर को पुलिस ने पकड़ा है। वह विक्री के लिए नशीली सिरप लेकर जा रहा था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस अब सप्लायर की तलाश कर रही है। सिटी कोतवाली पलिस को लखौरीबाग स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास एक व्यक्ति के नशीली सिरप लेकर खड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने दबिश दी तो आरोपी बोरी छोड़कर भाग दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर बोरी की तलाशी ली गई। उसमें 60 शीशी नशीली सिरप बरामद हुई। यह सिरप कबाड़ी मोहल्ले में विक्री के लिए लेकर जा रहा था। उसकी पहचान लक्ष्मीचंद्र लोनिया पिता कतादुर लोनिया निवासी कथाड़ी मोहल्ला के रूप में हुई है। आरोपी को नशीली सिरप एक तस्कर देकर गया था जिसको भी पुलिस ने नामजद कर लिया है। उसकी भी तलाश की जा रही है। कबाड़ी मोहल्ले में अभी तक पुलिस 22 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार कर चुकी है जिसमे पन्द्रह के लगभग महिलाएं है। थाना प्रभारी श्रगेश सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में जो जानकारियां दी है उसके आधार पर आगे जांच की जा रही है। जिसके नाम सामने आयेंगे उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

## मऊगंज में शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का भव्य समापन




सभी स्कूलों के संचालक एवं शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**मऊगंज।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मऊगंज के तत्वावधान में आयोजित "शिक्षक सम्मान समारोह – 2025" का रविवार को शगुन पैलेस बाईपास में भव्य आयोजन हुआ। समारोह में जिले के सभी निजी विद्यालयों के संचालक एवं वहां पदस्थ शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि "शिक्षक समाज की आत्मा हैं, जो नई पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान और दिशा प्रदान करते हैं। शिक्षा के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं।"विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरीश गौतम (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब) उपस्थित रहे।विधायक ने शिक्षकों की भूमिका को समाज और राष्ट्र निर्माण की नींव बताया।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आर डी शर्मा,मऊगंज जिला अध्यक्ष रामसुफल शुक्ला,नईगढ़ी ब्लॉक अध्यक्ष हर्षनारायण मिश्रा,राकेश मिश्रा,मंजुला द्विवेदी,नीलेश मिश्रा,उदय जैसवाल,शिवविशाल यादव,आर जे खान,सुमित तिवारी,अभिषेक मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारी मंचासीन रहे।समारोह में उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर किया गया। सभी स्कूल संचालकों और शिक्षकों को सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए और एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, संचालकों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण रहा। इसी कड़ी में शिवा मॉडर्न इंग्लिश हाई स्कूल देवतालाब के संचालक महेंद्र सिंह अतरैला (जिला महामंत्री भाजपा) ने ₹बेस्ट टीचर अवार्डर₹ से दीपिका शर्मा को सम्मानित किया।

**मऊगंज में व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने ओम प्रकाश गुप्ता**

## संगठन के पंजीयन से व्यापारियों को मिली नई ताकत

मऊगंजः



स्थानीय व्यापारियों की एकता और हितों की रक्षा के उद्देश्य से मऊगंज व्यापारी संघ का गठन किया गया है। संघ के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए हैं प्रसिद्ध व्यापारी ओम प्रकाश गुप्ता (ओ.पी. गुप्ता)। उनके अध्यक्ष बनने के साथ ही संगठन ने विधिवत रूप से अपना पंजीयन भी कराया, जिससे व्यापारी संघ को न केवल वैधानिक मान्यता मिली है बल्कि क्षेत्र के व्यापारियों की आवाज को एक सशक्त मंच भी प्राप्त हुआ है। मऊगंज जैसे तेजी से विकसित हो रहे नगर में व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को प्रशासन तक पहुँचाने के लिए लंबे समय से एक सशक्त संगठन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी दिशा में अब व्यापारी संघ का गठन एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि व्यापारी समाज को अब एकजुट होकर अपनी समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करना होगा। "हमारा लक्ष्य केवल व्यापारिक सुविधा बढ़ाना नहीं, बल्कि मऊगंज को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण देना है," उन्होंने कहा। संघ के पंजीयन से संगठन को कानूनी मान्यता मिलने के बाद अब यह न केवल स्थानीय प्रशासन से संवाद स्थापित करेगा, बल्कि जिला स्तर तक व्यापारी हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगा। व्यापारी संघ अब बाजार व्यवस्था, कर-प्रणाली, सड़क और सफाई की समस्याओं, बिजली-पानी की अनियमितताओं तथा सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर समन्वय स्थापित कर ठोस पहल करेगा। व्यापारियों ने अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे हमेशा से व्यापारी वर्ग के बीच लोकप्रिय और सक्रिय रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा और मऊगंज के व्यापारिक विकास की नई दिशा तय करेगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जल्द ही कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी और व्यापारी वर्ग से संबंधित समस्याओं पर विस्तृत बैठकें आयोजित की जाएँगी। संगठन का उद्देश्य है — "हर व्यापारी की आवाज बने, हर समस्या का समाधान करे।" मऊगंज के व्यापारियों ने संघ के गठन को लेकर हर्ष व्यक्त किया है और आशा जताई है कि यह संगठन न केवल व्यापारिक हितों की रक्षा करेगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास में भी योगदान देगा।